राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 30 मई 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

ज्ञातव्य है कि राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित माननीय प्रधानमंत्री के शपथ–ग्रहण–समारोह में महामहिम राज्यपाल श्री टंडन आज शामिल भी हुए।

राज्यपाल श्री टंडन ने अपनी शुभकामना में विश्वास व्यक्त किया है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सम्पूर्ण विश्व में भारत की और अधिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उन्होंने उम्मीद जाहिर की है कि देश के प्रत्येक वर्ग का प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में सर्वांगीण विकास होगा और भारत की बहुमुखी प्रगति होगी।

राज्यपाल ने आज शपथ लेनेवाले केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् के सभी सदस्यों को भी बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि वे सभी माननीय प्रधानमंत्री के मार्ग–दर्शन में भारत को विश्व शक्ति बनाने तथा राष्ट्र की समग्र उन्नति हेतु अपना भरपूर योगदान देंगे।

....